**अपराध** — मुड़वारा स्टेशन के पास हुई सनसनीखेज वारदात, तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

# लाठी से हमला कर यात्री से 32 सौ की लूट



**नवभारत, कटनी।** जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुड़वारा स्टेशन के पास एक बाहरी यात्री के साथ लूट और मारपीट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना ने रेलवे और शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि दो दिन पहले ही पुलिस अधीक्षक ने रेलवे क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को लेकर जीआरपी, आरपीएफ और कोतवाली पुलिस के साथ समीक्षा बैठक की थी, इसके बावजूद बदमाश बेखौफ होकर यात्रियों को निशाना बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले का रहने वाला एक यात्री कटनी स्टेशन के जबलपुर एंड से पैदल मुड़वारा स्टेशन की ओर जा रहा था। इसी दौरान मुड़वारा स्टेशन के समीप तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने यात्री के सिर पर डंडे से हमला किया। जिसके कारण जिससे उसे गंभीर चोट आई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी यात्री का एंड्रॉयड मोबाइल, पर्स, वोटर आईडी और करीब 3200 रुपए नगद लूटकर फरार हो गए। घायल यात्री को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। पीड़ित जब शिकायत लेकर कोतवाली थाना पहुंचा तो उससे सिर्फ सादा आवेदन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। वहीं घर लौटने तक के पैसे नहीं होने पर उसने जीआरपी से मदद मांगी, लेकिन शुरुआत में वहां से भी उसे निराशा हाथ लगी। जीआरपी थाना प्रभारी ने मानवता दिखाते हुए उसे एक्सप्रेस ट्रेन से उसके घर रवाना करा दिया। वारदात ने पुलिस व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर पुलिस रेलवे क्षेत्र में सुरक्षा के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर बाहरी राज्यों से आने वाले यात्री असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर क्यों हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो ये बदमाश अन्य यात्रियों को भी अपना शिकार बना सकते हैं। लूट की वारदात ने शहर में दहशत का महौल है। खासतौर पर रेलवे स्टेशन के आउटरों में लुटेरों का आतंक है, आए दिन यात्रियों से लूट की वारदात आम हो गई। लगातार हो रही वारदातों ने पुलिस की गश्त व्यवस्था और उसके वजूद पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्री सुरक्षा का दावा करने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं। कई मामलों में कार्रवाई तो दूर एफआईआर ही दर्ज नहीं होती है।

## दो महीने तक थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम बचैया थाना बहोरीबंद निवासी भूरा उर्फ कृष्णकुमार तिवारी पिता सूरज तिवारी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 2 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना बहोरीबंद में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। प्रतिवेदन के अनुसार भूरा के विरूद्ध अब तक 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, मारपीट करना, लोगों को डराने-धमकाने जैसे अपराध शामिल है। भूरा क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन गया है। पुलिस द्वारा भूरा के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने पर जिला दंडाधिकारी कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है।



## दुकान से पांच लाख रूपए के 50 मोबाइल चोरी

**कोतवाली थाना क्षेत्र के बरही रोड में हुई वारदात**

**नवभारत, कटनी।** पूरे जिले में कॉम्बिंग गश्त कराकर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के दावों के पोल कोतवाली क्षेत्र में चोरी ने खोल दिया है। पुलिस की पूरी रात गश्त के बावजूद चोरों ने एक दुकानों निशाना बनाते हुए लाखों रूपए के मोबाइल चोरी कर पुलिस व्यवस्था को चुनौती दी है। कोतवाली थाना अंतर्गत बरही रोड स्थित एक मोबाइल दुकानों में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने लगभग पांच लाख कीमत के 50 मोबाइल चोरी किए हैं। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआएना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। दुकान संचालक प्रफुल्ल अग्रवाल ने बताया कि रविवार सुबह करीब 4 बजे 6 बदमाश दुकान में घुसे। उन्होंने बड़ी चालाकी से दुकान में रखे कई कंपनियों के लगभग 45 नए मोबाइल फोन चुरा लिए। बदमाश सिर्फ फोन अपने साथ ले गए और डिब्बे वहीं छोड़ गए। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी की शिकायत पुलिस से की गई है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलाहल चोरों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है। चोरी की वारदात ने पुलिस की गश्त व्यवस्था के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

**एक नजर में**

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत

**नवभारत, कटनी।** औद्योगिक नगरी कैमोर में बेलगाम दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार देर रात रामलीला मैदान और संडे मार्केट के बीच एक तेज रफ्तार डंपर ने ड्यूटी पर जा रहे श्रमिक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार होने में सफल रहा। इस हादसे ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और आरटीओ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक श्रमिक एसीसी के बेहा प्लांट में ठेकेदार रामप्रताप सिंह के अधीन कार्यरत था। वह देर रात अपनी शिफ्ट के लिए ड्यूटी पर जा रहा था, तभी सड़क पर गिट्टियां गिराते हुए जा रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस मौके पर पहुँची और घायल को तत्काल विजयराघवगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हैरानी की बात यह है कि महज कुछ दिन पहले ही कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई और शांति समिति की बैठकों में स्थानीय नागरिकों ने ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार वाहनों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। जिस पर कलेक्टर ने आरटीओ और पुलिस विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## अभी से करें प्रयास, बारिश में नहीं हो जलभराव

**नगर निगम आयुक्त ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** बारिश के मौसम में शहर में जलभराव की समस्या नहीं होने के साथ ही बेहतर आवागमन व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम अयुक्त तपस्या परिहार ने निरीक्षण कियाहै। नगर निगम आयुक्त जागृति कालोनी, एनसीसी कार्यालय के पास, वॉलीबॉल मैदान के सामने की नालियों, रपटा नदी सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण कर बेहतर जननिकासी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर वार्ड की सफाई और जल निकासी व्यवस्था की जानकारी भी ली। रपटा नदी निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नदी के पास फैले मलबे की सफाई कराने के निर्देश भी स्वास्थ्य विभाग को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का प्रभावी निराकरण निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा संभावित स्थलों पर नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना अधिक रहती है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए।

## कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताएं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

**भाजपा सिलौंड़ी मंडल में आयोजित की गई मासिक बैठक**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले भारतीय जनता पार्टी सिलौडी मंडल की मासिक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के सम्मान और समर्पण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और उनके सहयोग से ही संगठन लगातार आगे बढ़ता है। सिलौडी मंडल प्रभारी विजय दुबे ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा जिला महामंत्री डॉ प्रशांत राय ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की सुदृढ़ता ही चुनावी सफलता की कुंजी है। सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहकर पार्टी के विस्तार में योगदान देना चाहिए। बैठक के दौरान मंडल उपाध्यक्ष अमित राय वरिष्ठ नेता अनिल पांडेय, अरविंद तिवारी, सोनू दुबे, सीमा भरत शुक्ला, विनोद राय, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष किशन राय, संतोष विश्वकर्मा, धीरज जैन की मौजूदगी रही।

संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## शहर की पर्यावरणीय धरोहर है नदी, इसे साफ रखना सभी की जिम्मोदरी

**महापौर ने किया नदी सफाई कार्य का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा कटाएघाट में ट्रेश क्लीनर मशीन से कराई जा रही नदी सफाई कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निरीक्षण किया है। महापौर ने कहा कि कटनी नदी शहर की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहर है, जिसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार अत्याधुनिक मशीनी तकनीक के माध्यम से नदी में जमा जलकुंभी, चोई, अन्य अवांछित सामग्री को हटाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे नदी के जल प्रवाह में सुधार होने के साथ स्वच्छता, सौंदर्य में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा। नगर निगम प्रशासन द्वारा कटाएघाट से प्रारंभ किया गया सफाई अभियान चरणबद्ध रूप से गाटरघाट तक संचालित किया जाएगा। मशीन के माध्यम से नदी की सतह पर तैरते कचरे को हटाकर जल धारण क्षमता बढ़ाने और वर्षा काल में जलभराव की समस्या को नियंत्रित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन को लेकर जनजागरूकता का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे जल स्त्रोतों में कचरा और पूजन सामग्री नहीं डालें और अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी सहित अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## स्वच्छ जीवन शैली को जन आंदोलन बनाने का प्रयास



**माधवनगर क्षेत्र में किया गया राहगीरी डे का आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में नगर निगम द्वारा रविवार सुबह राहगीरी डे का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान स्वच्छता के साथ ही स्वास्थ्य प्रति जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गईं। बाबा माधव शाह अस्पताल मार्ग में आयोजित इस कार्यक्रम ने ऊर्जा, उत्साह और स्वच्छता जनजागरूकता संदेश दिया। आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर स्वस्थ, तनाव मुक्त जीवन शैली का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, बीना संजू, बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू, श्याम पंजवानी, गोविंद चावला, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, निरंजन पंजवानी, राजा जगवानी, अजय सरावगी, डॉ ब्रह्मा जसूजा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, उद्योगपति सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न समाजसेवी और काफी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ योग से हुआ। इस दौरान रस्सा कशी, बोरा दौड़, सांप-सीढ़ी, शतरंज, कैरम साइकिलिंग, चेयर कंपटीशन, बोरा दौड़, नींबू चम्मच दौड़ सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका खुले आसमान के नीचे लोगों ने मिलकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में नेहा मोटवानी की टीम की प्रस्तुति पर नागरिकों ने उत्साहपूर्वक जुंबा किया। महापौर एवं निगमायुक्त ने स्वयं योग और जुंबा में सहभागिता कर फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और विभिन्न सेग्रीगेशन, स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदगी, अस्वच्छ वातावरण से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इको ब्रिक्स स्टॉल के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश रोचक ढंग से दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध जादूगर एम कुमार द्वारा एक से बढ़कर एक अद्भुत और रोमांचक मैजिक शो प्रस्तुत कर स्वच्छता, जल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं रस कला संगीत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ये चमक ये दमक सब कुछ सरकार तुम्ही से है के बोल पर दी गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी जनों का मन मोह लिया। जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों सहित स्थानीय वयोवृद्ध महिला श्रीमती पोपरी बाई को उत्साह पूर्ण सहभागिता के लिए स्वच्छता चैंपियन सेस और तुलसी का गमला भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में विशेष योगदान देने वाले निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि 'राहगीरी डे सिर्फ मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और स्वच्छ जीवन शैली को जन आंदोलन बनाने का प्रयास है। आगे भी नगर के अन्य वार्डों में राहगीरी डे का आयोजन कर नागरिकों को फिटनेस और स्वच्छता से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम ने यह संदेश प्रभावी रूप से दिया कि स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ शहर और सकारात्मक जीवनशैली एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वच्छता और स्वास्थ्य गतिविधियों ने स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है पीरबाबा का उर्स

**आज गूंजेगी सूफियाना कव्वाली की तान**



**नवभारत, कटनी।** शहर की ऐतिहासिक गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करने वाला हज़रत इशाह दाता चिश्ती का सालाना उर्स मुबारक इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। रविवार और सोमवार को आयोजित होने वाला यह उर्स सिर्फ एक धार्मिक आयोजन न होकर पूरे नगर में कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश देगा। आयोजन समिति ने बताया कि उर्स के पावन अवसर पर दो दिवसीय विशेष कव्वाली कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। 10 मई की रात्रि प्रसिद्ध कव्वालों द्वारा बेहतरीन सूफियाना कलाम पेश किए जाएंगे। वहीं 11 मई को भी कव्वाली और महफिल-ए-समां का आयोजन होगा, जिसमें काफी संख्या में जायरीन और श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उर्स समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन वर्षों से नगरवासियों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य कर रहा है। यहां जाति, धर्म और संप्रदाय की सीमाओं को पीछे छोड़कर इंसानियत परंपरा को जीवित रखते हैं।

## गंदगी फैलाने पर लगाया जुर्माना

**नगर निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** निगमायुक्त तपस्या परिहार लगातार नगर भ्रमण कर व्यवसायियों से संवाद कर व्यवस्थाओं में सहयोग में करने के लिए व्यवसायियों से संवाद कर रही है। निगमायुक्त ने शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान निगमायुक्त ने कमानिया गेट गली से सब्जी मंडी मार्ग, टिकियामल चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड होते हुए सुभाष चौक तक के मार्ग का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान बाजार क्षेत्र में स्वच्छता, यातायात सुगमता, अतिक्रमण की स्थिति को देखते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निगमायुक्त ने व्यापारियों और दुकानदारों से संवाद करते हुए दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, दुकान, आसपास के क्षेत्र में नियमित सफाई बनाए रखने, दुकान सामग्री को निर्धारित सीमा के भीतर रखकर व्यवसाय संचालित करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित बाजार शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ बेहतर वातावरण भी उपलब्ध कराते हैं।

**कार्यक्रम** — वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह का किया गया आयोजन, कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर, एसपी

# समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाता है मीडिया



**नवभारत, कटनी।** अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संगठन वॉइस ऑफ मीडिया द्वारा होटल उर्वशी में वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की पत्रकारिता को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर आशीष तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, एडिशनल एसपी डॉ संतोष डेहरिया, वाइस ऑफ मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शर्मा की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का स्वागत वॉइस ऑफ मीडिया के जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक, महासचिव अशोक वर्मा, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, सह सचिव कमलेश तिवारी ने पुष्पहार अर्पित कर किया। इसके बाद जिले की पत्रकारिता के पुरोधाओं को सम्मानित करने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। संगठन द्वारा वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोला बाबू का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार श्याम गौर, वरिष्ठ पत्रकार और जनकवि सुरेश सोनी ऋतुराज, वरिष्ठ पत्रकार संतोष दुबे, वरिष्ठ पत्रकार लालजी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पृथ्यानी के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित उनके बेटे घनश्याम पृथ्यानी का अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होती है। जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने युवा पत्रकार साथियों के समक्ष जो आदर्श स्थापित किया है, वह चुनौतियों से भरे इस क्षेत्र में उनका मार्ग प्रशस्त करेगा। समारोह में मौजूद जनसंपर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव का सम्मान संगठन के सदस्यों द्वारा किया गया। समाजसेवी अजय सरावगी को मंच पर समाज सेवा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के दायित्व निर्वहन के साथ किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के बतौर अपनी सेवाएं देने वाले आर बी गुप्ता का सम्मान भी माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन पत्रकार आशीष सोनी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वाइस ऑफ मीडिया के जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक ने किया। कार्यक्रम का समापन स्नेहभोज के साथ हुआ। मुख्य अतिथि कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि मीडिया समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाता है। कई बार आमजन की समस्याएं प्रशासन तक सीधे नहीं पहुंच पातीं, ऐसे में मीडिया उन्हें प्रमुखता से उठाकर प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है और समाज को सकारात्मक दिशा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर ने आयोजन के लिए वॉइस ऑफ मीडिया को शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में जिले के लगभग सभी पत्रकारों की उपस्थिति रही।


